एयरो इंडिया-2019 में "विद्यार्थी पवेलियन" पर संकल्पना नोट

एयरो इंडिया-2019, अर्धवार्षिक एयर शो सह रक्षा प्रदर्शनी जो रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाती है, का आयोजन वायुसेना स्टेशन, येलहांका, बेंगलुरू में 20-24 फरवरी, 2019 को विनिर्धारित है । नागर विमानन मंत्रालय दवारा इस आयोजन का सह-मेजबानी किया जा रहा है । इस पांच दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में आंगतुक भाग लेंगे जिसमें सैन्य एवं नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी उद्योगों से प्रदर्शक शामिल है । एयरो इंडिया-2019 में पहली बार एक "विद्यार्थी पवेलियन" स्थापित करने की परिकल्पना है ताकि एयरोस्पेस से संबंधित कार्यकलापों पर विद्यार्थियों की परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जा सके।

इस पांच दिवसीय मेगा आयोजन के दौरान 23 फरवरी, 2019 को प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जा रहा है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उन विद्यार्थियों को जो एयरोस्पेस क्षेत्र, सिविल एवं रक्षा दोनों में शामिल है, को अपने परियोजनाओं को प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा । एयरोस्पेस से संबंधित कार्यकलापों पर चुने हुए परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस उपक्रम के एक हिस्से के रूप में, विश्वविद्यालयों/संस्थानों से विद्यार्थियों को उनके प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है । इन प्रोजेक्टस का मूल्यांकन एक उचित निकाय द्वारा किया जाएगा ताकि आयोजन के लिए उत्साही और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट का चयन सुनिश्चित किया जा सके । यह मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया जैसी पहल के अनुरूप भी है ।

इस पृष्ठभूमि में, एयरो इंडिया संचालन समिति ने डॉ. एन. श्रवन कुमार, संयुक्त सचिव, आईसीसी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) की अध्यक्षता में एक विद्यार्थी समिति गठित की है एवं इसमें भारतीय वायु सेना, पीएण्डसी, डीपीओ आईसीई-1, और एचएएल के प्रतिनिधि शामिल है । इस समिति को एयरोस्पेस और सहायक क्षेत्रों में संभावित प्रस्तावों के चयन करने का अधिदेश है । चुने हुए प्रस्तावों को एयरो-इंडिया-2019 प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा । प्रस्तावों को चुनने में सहायता करने के लिए, एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई है ।

सम्मेलन के विषय-वस्तु को ध्यान में रखते हुए, **बिलियन जीवन की बेहतरी के लिए एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग (एएबीबी) पर वर्तमान उत्पादों/ पहलुओं के लिए पूरे भारत से विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है ।**

सभी चयनित प्रविष्टियों को एयरो-इंडिया-2019 "विद्यार्थी पवेलियन" में प्रदर्शित किया जाएगा जो वैश्विक एक्सपोजर और पुरस्कारों को जीतने के लिए एक बहुत बड़ा अवसर होगा । सभी उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों को एक सामान्य सूचना(संलग्न) जारी किया जा रहा है जिसमें विद्यार्थियों विशेषकर ऐसे संस्थानों जिसमें एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग है, से प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है । नीचे दिए गए समय-सीमा के अनुसार प्रस्ताव दो चरणों में प्राप्त किए जाएंगे। संकल्पना टिप्पण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट,

निम्नलिखित **समय-सीमा** का अनुसरण किया जाएगा ।

1. प्रस्तावित प्रोजेक्ट के संबंध में संकल्पना टिप्पण के लिए एमएचआरडी से निर्गत आमंत्रण सूचना-12.12.2018 ।
2. विद्यार्थियों से संकल्पना टिप्पण की प्राप्ति 07.01.2019 ।
3. संकल्पना टिप्पण की जांच-पड़ताल एवं प्रस्तावों का चयन 14.01.2019 ।
4. चुने गए विद्यार्थियों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्राप्ति-24.01.2019
5. अंतिम रूप से चयनित प्रोजेक्ट की घोषणा 26.01.2019
6. एयरो इंडिया-2019 में चुने हुए प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन 20.02.2019 से 24.02.2019
7. समापन समारोह में चुने हुए प्रोजेक्ट्स को पुरस्कार 24.02.2019 ।

<u>विद्यार्थियों को भागीदारी के लिए एवं बड़े वैश्विक एक्सपोजर व पुरस्कार जीतने के लिए आमंत्रण</u>

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय **एयरो इंडिया-2019 जो 20 से 24 फरवरी, 2018 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित किया जाना विनिर्धारित** है, में एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी पर उत्पादों/संकल्पना/ नवाचार विचार प्रदर्शित करने के लिए विद्यार्थियों की एक प्रतिस्पर्धा की घोषणा करती है । सम्मेलन/ प्रदर्शनी के विषय-वस्तु के अनुसार **"बिलियन जीवन" की बेहतरी के लिए एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग (एएबीसी)** पर वर्तमान उत्पाद/संकल्पना के लिए पूरे भारत से विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हैं । अंतिम रूप से चयनित सभी प्रविष्टियों को **एयरो इंडिया-2019** के **"विद्यार्थी पवेलियन"** में प्रदर्शित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए वैश्विक एक्सपोजर और पुरस्कार जीतने हेतु भी यह एक बड़ा अवसर है । प्रस्ताव (क) भावी अनुसंधान (ख) प्रोटोटाइप/अनुकृतियों के रूप में नई उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन (ग) नवाचार अनुप्रयोगों/मौजूदा व सिद्ध प्रौद्योगिकियों के उत्पादों का प्रदर्शन ।

टीम/दल का आकार: **अधिकतम 4** (टीम लीडर+3 टीम को तीन सदस्य)

टीम को भोजन एवं आवास, यात्रा और एयरो-इंडिया कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट्स के प्रदर्शन में स्थानीय सहायता प्रदान की जाएगी ।

एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी(परामर्शी): एवियानिक्स, एडवांस संरचना, एडवांस्ड सामग्री, इंजिन एवं ईंधन, प्रणोदन प्रणालियां, ऊर्जा (स्रोत), गणीतीय एवं सिम्युलेशन मॉडल, निर्णय सहायता प्रणाली, कमान एवं नियंत्रण प्रणालियां, स्वायत्त प्रणालियां, निगरानी स्टील्थ प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, साइबर फिजिक्स प्रणालियां इत्यादि ।

एयरोस्पेस अनुप्रयोग क्षेत्र(परामर्शी): ड्रोन्स/यूएवी, मिनी/माइक्रो सेटलाइट्स, एयरोस्टेटस/बेलून इत्यादि ।

प्रारंभिक चयन प्रक्रियाः सहभागियों को एक संकल्पना पत्र(**अधिकतम 2 पृष्ठ** के सार तक विस्तृत किया जा सकता है) इस सार में शामिल होना चाहिए:

1. मिशन/समस्या विवरण

2. प्रौद्योगिकी/समाधान को परामर्शी समाधान/तौर-तरीके एवं चालू स्थिति
3. डिजाइन में नवाचार अथवा अनुप्रयोग/उत्पाद/समाधान
4. संबंधित आईपीआर और प्रकाशन(यदि कोई हो तो)
5. उत्पादों के संकल्पना को फलीभूत करने के लिए रोडमैप
6. स्टार्ट-अप अथवा उदभवन के साथ सहयोग (यदि लागू हो) ।

संकल्पना दस्तावेज की स्क्रीनिंग ।

संकल्पना पत्र की जांच व इसका चयन एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाएगी । चुने गए प्रस्तावकों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा । प्रपोजल, फैकल्टी सदस्य/संस्थान के माध्यम से अग्रेषित किया जाना चाहिए जिसमें विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

इस संबंध में प्रस्ताव अथवा कोई स्पष्टीकरण aero2019students@ae.iitm.ac.in को भेजी जानी चाहिए ।

समय-सीमा

1. प्रस्तावित प्रोजेक्ट के संबंध में संकल्पना टिप्पण के लिए एमएचआरडी से निर्गत आमंत्रण सूचना-12.12.2018 ।
2. विद्यार्थियों से संकल्पना टिप्पण की प्राप्ति 07.01.2019 ।
3. संकल्पना टिप्पण की जांच-पड़ताल एवं प्रस्तावों का चयन 14.01.2019 ।
4. चुने गए अभ्यर्थियों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्राप्ति-24.01.2019
5. अंतिम रूप से चयनित प्रोजेक्ट की घोषणा 26.01.2019
6. एयरो इंडिया-2019 में चुने हुए प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन 20.02.2019 से 24.02.2019
7. समापन समारोह में चुने हुए प्रोजेक्ट्स को पुरस्कार 24.02.2019 ।